ELON MUSK'S NEW US$ 1 BILLION GAMBLE

The reported investment comes as Skydance consolidates its newly acquired media assets following the $110 billion takeover of Warner Bros Discovery. Neither Elon Musk nor Skydance has publicly confirmed the transaction.

Elon Musk has invested approximately $1billion in Skydance, CNBC reported on recently, citing a person familiar with the matter. The reported investment could strengthen the billionaire entrepreneur's association with the media empire led by David Ellison, son of Oracle co-founder Larry Ellison.

Representatives of Skydance and Musk did not immediately respond to requests for comment, and the transaction has not been independently confirmed by either party.



The reported investment follows the completion of Paramount Skydance's $110 billion acquisition of Warner Bros Discovery. The combined business, operating under the Skydance name, brings together major entertainment and media assets, including Paramount Pictures, Warner Bros, HBO, CNN and CBS, along with their respective streaming businesses.

According to Reuters, Musk's investment forms part of a broader equity fundraising effort by Skydance. Semafor had earlier reported the development.

The reported deal also highlights Musk's longstanding ties with the Ellison family. In 2022, Larry Ellison committed $1 billion towards Musk's acquisition of Twitter, which was subsequently renamed X.

While details of the reported investment remain undisclosed, Musk's entry as a major investor could add a new dimension to Skydance's ambitions as it integrates its expanded portfolio of film studios, television networks, news operations and streaming platforms.■

एलन मस्क का नया 1 अरब डॉलर का दांव

यह निवेश ऐसे समय में आया है जब स्काईडांस, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के 110 अरब डॉलर के अधिग्रहण के बाद अपनी नयी हासिल की गयी मीडिया संपत्तियों को एक साथ मिला रहा है। न तो एलन मस्क और न ही स्काईडांस ने सार्वजनिक रूप से इस सौदे की पुष्टि की है।

सीएनबीसी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति का हवाला देते हुए बताया गया है कि एलन मस्क ने स्काईडांस में लगभग 1 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। यह निवेश इस अरबपति उद्यमी के उस मीडिया साम्राज्य के साथ संबंधों को और मजबूत कर सकता है, जिसका नेतृत्व ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन के बेटे, डेविड एलिसन कर रहे हैं।

स्काईडांस और मस्क के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के अनुरोधों पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया, और किसी भी पक्ष ने इस सौदे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है।

यह निवेश पैरामाउंट स्काईडांस द्वारा वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के 110 अरब डॉलर के अधिग्रहण के पूरे होने के बाद आया है। स्काईडांस के नाम से काम करने वाले इस संयुक्त कारोबार में कई बड़े मनोरंजन और मीडिया एसेट्स शामिल है, जिमें पैरामाउंट पिक्चर्स, वार्नर ब्रदर्स, एचबीओ, सीएनएन और सीबीएस के साथ उनके संबंधित स्ट्रीमिंग व्यवसाय भी शामिल हैं।

रॉयटर्स के मुताबिक मस्क का निवेश स्काईडांस की इक्विटी फंडरेजिंग की बड़ी कोशिश का हिस्सा है। सेमाफोर ने पहले इस डेवलपमेंट की रिपोर्ट दी थी।

रिपोर्ट की गयी डील मस्क के एलिसन परिवार के साथ पुराने रिश्तों को भी दिखाती है। 2022 में लैरी एलिसन ने मस्क के ट्विटर को खरीदने के लिए 1 बिलियन डॉलर देने का वादा किया था, जिसका नाम बाद में एक्स कर दिया गया।

रिपोर्ट किये गये निवेश की विस्तृत जानकारी अभी तक सामने नहीं आयी है, लेकिन एक बड़े निवेशक के तौर पर मस्क की एंट्री स्काईडांस की महत्वाकांक्षा में एक नया आयाम जोड़ सकती है, क्योंकि यह फिल्म स्टूडियो, टेलीविजन नेटवर्क, न्यूज ऑपरेशन और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के अपने बड़े पोर्टफोलियो को एकीकृत कर रहा है।■